Assignment
Std - V
Subject - Hindi

**(1).**गृह कार्य अपने हिंदी कॉपी में लिखें **।**

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें **:-**

प्रश्न **1.** नगर के हर आंगन में अनाज पहुंचाने का भार किसने लिया **?**

उत्तर नगर के हर आंगन में अनाज पहुंचाने का भार बुद्ध के एक प्रिय शिष्य अनाथ पिंडद की पुत्री सुप्रिया ने लिया **।**

प्रश्न **2.** महात्मा बुद्ध ने सुप्रिया को क्या आशीर्वाद दिया **?**

उत्तर महात्मा बुद्ध ने सुप्रिया को आशीर्वाद देते हुए कहा**:**
**"**तथास्तु**!** तुम्हारा निश्चय पूरा हो **!"**

प्रश्न **3.** सुप्रिया कौन थी **?** उसने बुद्ध से क्या कहा **?**

उत्तर। सुप्रिया बुद्ध के एक प्रिय शिष्य अनाथ पिंडद के पुत्री थी। उसने बुद्ध से कहा कि वह नगर के हर आंगन में अनाज पहुंचाने का भार लेती है **।**

प्रश्न **4.** सुप्रिया की बात सुनकर धनी सेठों ने क्या किया **?**

उत्तर। सुप्रिया की बातों से प्रभावित होकर धनी सेठों ने उसकी मदद करने में कोई कमी नहीं छोड़ी **।**

(2) सही उत्तर पर ( ✓) लगाओ :-

**Pg - 18** पुस्तक में ही करें **।**

**(3)** वि तथा निर् उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ **:-**

वि **+** ज्ञान **=** विज्ञान

वि **+** शेष **=** विशेष

वि + जय = विजय

निर् + जन = निर्जन

नि्र् + बल = निर्बल

निर् + धन = निर्धन

**(4)** समानार्थक शब्द लिखें :-

भगवान - ईश्वर     अन्न - अनाज

हाथ - कर     आंख - नेत्र

मुख - मुंह।     द्ववार - दरवाजा

शिष्य - चेला।     धरती - वसुधा

वर्षा - बारिश

---